# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय,कानपुर
## CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)

(Formerly Kanpur University, Kanpur)

Kalyanpur, Kanpur-208024

कल्यानपुर कानपुर–208024


सन्दर्भ सं0: सी.एस.जे.एम.वि.वि./COE/ 45 /2023 दिनांक : 13/01/2023

## कार्यालय–ज्ञाप

एतद्द्वारा आदेशानुसार सत्र 2022–23 के एन0ई0पी0 पाठ्यक्रम के अन्तर्गत विषम सेमेस्टर एवं विश्वविद्यालय में पूर्व से संचालित सेमेस्टर पाठ्यक्रमों की परीक्षा का कार्यक्रम कार्यालय–ज्ञाप संख्या–सी.एस.जे.एम.वि.वि./सी.ओ.ई./3471/2022 दिनांक 30.12.2022 द्वारा पूर्व में निर्गत किया जा चुका है, जिसके अनुसार परीक्षाएँ दिनांक 20 जनवरी, 2023 दिन–शुक्रवार से प्रारम्भ कर सम्पन्न करायी जायेंगी।

उपरोक्त परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार इन्हीं प्रश्नपत्रों पर ही जिन छात्र/छात्राओं द्वारा स्पेशल बैक पेपर का परीक्षा शुल्क रू0 5,000/– जमा कर परीक्षा फार्म सब्मिशन किया गया है, की परीक्षाएँ निम्नानुसार करायी जायेंगी :–

(क) बी.बी.ए., बी.सी.ए. एव बी.एस–सी.(कृषि) ऑनर्स की विषम सेमेस्टर की स्पेशल बैक पेपर की परीक्षा वर्तमान में सम्पन्न करायी जा रही परीक्षाओं के साथ ही सम्पन्न करायी जायेंगी।

(ख) बी.बी.ए., बी.सी.ए. एव बी.एस–सी.(कृषि) ऑनर्स की सम सेमेस्टर की स्पेशल बैक पेपर की परीक्षा आगामी सम सेमेस्टर की परीक्षाओं के साथ सम्पन्न करायी जायेंगी।

उपरोक्त स्पेशल बैक पेपर की परीक्षाओं हेतु छात्र/छात्राओं को उनके मूल महाविद्यालय का वर्तमान परीक्षा केन्द्र, जिस महाविद्यालय में होगा, उसी परीक्षा केन्द्र पर ही उन्हें भी परीक्षाएँ देनी होंगी।

भवदीय,

(डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र)
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. प्रभारी मीडिया को इस आशय से प्रेषित कि उक्त पत्र को सम्मानित दैनिक के समस्त संस्करणों में जनहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
2. निजी सचिव कुलपति, मा0 प्रति कुलपति जी को अवलोकनार्थ प्रस्तुत।
3. प्रभारी, पी0एम0यू0 सेल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना का संज्ञान लेते हुए वेबसाइट के होम पेज पर अपलोड कराने एवं अन्य आवश्यक कार्यवाही हेतु सम्बंधित को निर्देशित करने का कष्ट करें। साथ ही उक्त परीक्षार्थियों का भी एन.आर., वेरीफिकेशन, रोललिस्ट एवं प्रवेश–पत्र आदि निर्गत किया जाना सुनिश्चित करें।
4. सम्बंधित पत्रावली।

(दिनेश कुमार मौर्य)
सहायक कुलसचिव(परीक्षा)